# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

# CUH students bagged top positions at IAAC-2023

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 04-07-2023**

## हकेवि के विद्यार्थियों ने आईएएसी 2023 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के भौतिकी और खगोल



भौतिकी विभाग के आठ विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी प्रतियोगिता-2023 में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शैक्षणिक मोर्चे पर और ऊंचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने भौतिकी विभाग द्वारा लिए गए 6 इंच के नए टेलीस्कोप का भी उल्लेख किया और कहा कि इनके उपयोग से विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग में जारी शोध व अध्ययन-अध्यापन की गतिविधियों का विस्तार होगा।

यहां बता दें कि आईएएसी विश्वभर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली एक ऑनलाइन खगोल विज्ञान प्रतियोगिता है। जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की तान्या तन्वी को स्वर्ण, तरूण, प्रिया मित्तल, गिरदीश लैशराम को रजत जबकि शुभम पथी, वसुधा, तानिया और रोहित जांगिड़ को कांस्य सम्मान मिला। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव तथा प्रो. पवन कुमार ने विजेताओं को कड़ी मेहनत करने और विश्व स्तर पर अपना और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के संकाय सदस्य डॉ. राकेश कुमार, प्रो. सुनील कुमार, प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह, डॉ. अंकुश, डॉ. रामोवतार, डॉ. जसवन्त यादव, डॉ. रमनदीप, डॉ. मीनू ठाकुर, डॉ. रजनी बंसल, डॉ. यशवीर कलकल, डॉ. चंदानी, डॉ. अंशु उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 04-07-2023**

## विद्यार्थियों ने आईएएसी 2023 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग के आठ विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को शैक्षणिक मोर्चे पर और ऊंचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने भौतिकी विभाग द्वारा लिए गए 6 इंच के नए टेलीस्कोप का भी उल्लेख किया और कहा कि इनके उपयोग से विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग में जारी शोध व अध्ययन-अध्यापन की गतिविधियों का विस्तार होगा। आईएएसी विश्वभर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली एक ऑनलाइन खगोल विज्ञान प्रतियोगिता है। जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की तान्या तन्वी को स्वर्ण, तरूण, प्रिया मित्तल, गिरदीश लैशराम को रजत जबकि शुभम पथी, वसुधा, तानिया और रोहित जांगिड़ को कांस्य सम्मान मिला। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव तथा प्रो. पवन कुमार ने विजेताओं को कड़ी मेहनत करने और विश्व स्तर पर अपना और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के संकाय सदस्य डॉ. राकेश कुमार, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. अंकुश, डॉ. रामोवतार, डॉ. जसवंत यादव, डॉ. रमनदीप ने डॉ. मीनू ठाकुर, डॉ. रजनी बंसल, डॉ. यशवीर कलकल, डॉ. चंदानी, डॉ. अंशु, प्रो. मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 04-07-2023**

## हकेंवि विद्यार्थियों ने आईएएसी में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व अन्य।

**महेंद्रगढ़** | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग के आठ विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी प्रतियोगिता-2023 में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शैक्षणिक मोर्चे पर और ऊंचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने भौतिकी विभाग द्वारा लिए गए 6 इंच के नए टेलीस्कोप का भी उल्लेख किया और कहा कि इनके उपयोग से विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग में जारी शोध व अध्ययन-अध्यापन की गतिविधियों का विस्तार होगा।

यहां बता दें कि आईएएसी विश्वभर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली एक ऑनलाइन खगोल विज्ञान प्रतियोगिता है। जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की तान्या तन्वी को स्वर्ण, तरूण, प्रिया मित्तल, गिरदीश लैशराम को रजत जबकि शुभम पथी, वसुधा, तानिया और रोहित जांगिड़ को कांस्य सम्मान मिला। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव तथा प्रो. पवन कुमार ने विजेताओं को कड़ी मेहनत करने और विश्व स्तर पर अपना और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के संकाय सदस्य डॉ. राकेश कुमार, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. मनोज कुमार सिंह, डॉ. अंकुश, डॉ. रामोवतार, डॉ. जसवंत यादव, डॉ. रमनदीप, डॉ. मीनू ठाकुर, डॉ. रजनी बंसल, डॉ. यशवीर कलकल, डॉ. चंदानी, डॉ. अंशू उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 04-07-2023**

# हकेंवि के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



आइएएसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव के साथ ● सौ. : प्रवक्ता

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग के आठ विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी प्रतियोगिता-2023 में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शैक्षणिक मोर्चे पर और ऊंचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने भौतिकी विभाग द्वारा लिए गए छह इंच के नए टेलीस्कोप का भी उल्लेख किया और कहा कि इनके उपयोग से विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग में जारी शोध व अध्ययन-अध्यापन की गतिविधियों का विस्तार होगा। आइएएसी विश्वभर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली एक आनलाइन खगोल विज्ञान प्रतियोगिता है। इसमें हकेंवि की तान्या तन्वी को स्वर्ण, तरूण, प्रिया मित्तल, गिरदीश लैशराम को रजत जबकि शुभम पथी, वसुधा, तानिया और रोहित जांगिड़ को कांस्य सम्मान मिला।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 04-07-2023**

## हकेंवि विद्यार्थियों ने आईएएसी 2023 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नारनौल (निस) :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग के आठ विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी प्रतियोगिता-२०२३ में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शैक्षणिक मोर्चे पर और ऊँचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने भौतिकी विभाग द्वारा लिए गए 6 इंच के नए टेलीस्कोप का भी उल्लेख किया। आईएएसी विश्वभर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली एक ऑनलाइन खगोल विज्ञान प्रतियोगिता है। जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की तान्या तन्वी को स्वर्ण, तरुण, प्रिया मित्तल, गिरदीश लैशराम को रजत जबकि शुभम पथी, वसुधा, तानिया और रोहित जांगिड़ को कांस्य सम्मान मिला। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के संकाय सदस्य डॉ. राकेश कुमार, प्रो. सुनील कुमार, प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह, डॉ. अंकुश, डॉ. रामोवतार, डॉ. जसवन्त यादव, डॉ. रमनदीप, डॉ. मीनू ठाकुर, डॉ. रजनी बंसल, डॉ. यशवीर कलकल, डॉ. चंदानी, डॉ. अंशू उपस्थित रहे।

दैनिक ट्रिब्यून Tue, 04 July 2023
https://epaper.dainiktribuneor

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 04-07-2023**

# हकेंवि के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- आईएएसी 2023 में आठ विद्यार्थियों ने पाया शीर्ष स्थान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग के आठ विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी प्रतियोगिता-2023 में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शैक्षणिक मोर्चे पर और ऊंचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने भौतिकी विभाग द्वारा लिए गए छह इंच के नए टेलीस्कोप का भी उल्लेख किया और कहा कि इनके उपयोग से विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग में जारी शोध व अध्ययन-अध्यापन की गतिविधियों का विस्तार होगा।



महेंद्रगढ़। आईएएसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी कुलपति के साथ।

आईएएसी विश्वभर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली एक ऑनलाइन खगोल विज्ञान प्रतियोगिता है, जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की तान्या तन्वी को स्वर्ण, तरुण, प्रिया मित्तल, गिरदीश लैशराम को रजत जबकि शुभम पथी, वसुधा, तानिया और रोहित जांगिड़ को कांस्य सम्मान मिला। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव तथा प्रो. पवन कुमार ने विजेताओं को मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के संकाय सदस्य डॉ. राकेश कुमार, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. मनोज कुमार सिंह, डॉ. अंकुश, डॉ. रामौतार, डॉ. जसवंत यादव, डॉ. रमनदीप, डॉ. मीनू ठाकुर, डॉ. रजनी बंसल, डॉ. यशवीर कलकल, डॉ. चंदानी, डॉ. अंशू उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Impressive Times** **Date: 04-07-2023**

# CUH students win Laurels at IAAC-2023

Deepti Arora
info@impressivetimes.com

**MAHENDERGARH :** Eight students of Department of Physics and Astrophysics, Central University of Haryana (CUH), Haryana bagged top positions at the recently held International Astronomy and Astrophysics Competition (IAAC)-2023. The Vice Chancellor, Professor Tankeshwar Kumar congratulated the winners and motivated them to achieve greater heights in their ongoing academic journey. The vice chancellor also mentioned the acquiring of a new 6" Telescope by the department of Physics which will be used for astronomy related extension activities by the University. The IAAC is an online astronomy competition for students from all countries. Among various prizes, Tanya Tanvi got Gold, Tarun, Priya Mittal, Girdish Laishram bagged Silver while Shubham Pathy, Vasudha, Taniya and Rohit Jangid got Bronze honours. Pro-Vice Chancellor Prof. Sushma Yadav, Prof. Pawan Kumar and Prof. Sunita Srivastava encouraged the winners to strive hard and earn a name for themselves and the University globally. Faculty members from the Department of Physics Dr. Rakesh Kumar, Prof. Suneel Kumar, Dr. Ankush , Dr. Ramovatar, Jaswant Yadav, Dr. Ramandeep, Dr. Meenu Thakur, Dr. Rajni Bansal, Dr. Yashvir Kalkal, Dr. Chandani, Dr. Anshu and Prof. Manoj Kumar Singh were present on the occasion to congratulate the award winners.



**THE VICE CHANCELLOR, PROFESSOR TANKESHWAR KUMAR CONGRATULATED THE WINNERS AND MOTIVATED THEM TO ACHIEVE GREATER HEIGHTS IN THEIR ONGOING ACADEMIC JOURNEY. THE VICE CHANCELLOR ALSO MENTIONED THE ACQUIRING**

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 04-07-2023**

# आई.ए.ए.सी.-2023: हकेंवि के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



*आई.ए.ए.सी. में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव के साथ। (मोहन)*

## 8 विद्यार्थियों ने हासिल किया शीर्ष स्थान

महेंद्रगढ़, 3 जुलाई (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग के 8 विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी प्रतियोगिता-2023 में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शैक्षणिक मोर्चे पर और ऊंचाई हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति ने भौतिकी विभाग द्वारा लिए गए 6 इंच के नए टैलीस्कोप का भी उल्लेख किया और कहा कि इनके उपयोग से विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग में जारी शोध व अध्ययन-अध्यापन की गतिविधियों का विस्तार होगा।

यहां बता दें कि आई.ए.ए.सी. विश्वभर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली एक ऑनलाइन खगोल विज्ञान प्रतियोगिता है, जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की तान्या तन्वी को स्वर्ण, तरूण, प्रिया मित्तल, गिरदीश लैशराम को रजत जबकि शुभम पथी, वसुधा, तानिया और रोहित जांगिड़ को कांस्य सम्मान मिला।

विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव तथा प्रो. पवन कुमार ने विजेताओं को कड़ी मेहनत करने और विश्व स्तर पर अपना और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर भौतिकी विभाग के संकाय सदस्य डॉ. राकेश कुमार, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. मनोज कुमार सिंह, डॉ. अंकुश, डॉ. रामोवतार, डॉ. जसवन्त यादव, डॉ. रमनदीप, डॉ. मीनू ठाकुर, डॉ. रजनी बंसल, डॉ. यशवीर कलकल, डॉ. चंदानी, डॉ. अंशू उपस्थित रहे।

## योग हमारी सांस्कृतिक विरासत की पहचान: प्रो. देशवाल



*विशेषज्ञ व्याख्यान के बाद प्रतिभागी विद्यार्थी विशेषज्ञ एवं शिक्षकों के साथ। (मोहन)*

**महेंद्रगढ़ (परमजीत, मोहन):** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के योग विभाग द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ व्याख्यान में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में योग विज्ञान की प्रो. जगवंती देशवाल विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. जगवंती देशवाल ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को योग के संदर्भ ग्रंथों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया ताकि योग के संबंध में समाज में प्रचलित भ्रांतियों को दूर करने में अपना योगदान दे सकें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए विषय की समझ व कार्यक्षेत्र में हो रहे बदलावों को जानने की दृष्टि में इस तरह के आयोजनों को मददगार बताया।

विशेषज्ञ ने अपने संबोधन में महर्षि पतंजलि का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे उन्होंने योग के ज्ञान को सूत्रों में पिरोया। इसी प्रकार विद्यार्थी जब मूल साहित्य को पढ़ता है, तो उसे अपने साहित्य की सही जानकारी होती है, जो उसकी स्वयं की भ्रांति को भी दूर करता है और समाज की भ्रांतियों को दूर करने में सहयोगी बनता है। आपकी सफलता आपके साहित्यिक ज्ञान पर आधारित नहीं है, बल्कि उसमें साहित्य ज्ञान के साथ-साथ कौशल का भी समावेश होना आवश्यक है। इसी कौशल विकास के साथ रोजगार और स्वरोजगार का मार्ग प्रशस्त होता है।

प्रो. देशवाल ने कहा कि योग हमारी सांस्कृतिक विरासत की एक पहचान है, जिसके हम सब वाहक हैं। इस विशेषज्ञ व्याख्यान में विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान, शिक्षक प्रभारी डॉ. अजय पाल और सहायक आचार्य डॉ. नवीन के साथ-साथ विभाग के शोधार्थी प्रदीप कुमार, मोहित और रिद्धि अग्रवाल उपस्थित रहे।